# हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है जिस पर हम सभी को गर्व है: सौरभ देब

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में शामिल अधिकारी, कर्मचारी। ● नईदुनिया

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम छह माही बैठक हुई
- हिंदी पत्राचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए सभी की सराहना की

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)। नेपा मिल के अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक सौरभ देब, प्रदीप कुमार नाईक निदेशक वित्त के मार्गदर्शन एवं महाप्रबंधक प्रचालन अजय गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम छह माही बैठक का आयोजन किया गया।

उमाशंकर द्विवेदी ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा प्रस्तुत की। स्टेशन प्रबंधक आशाराम नागवंशी, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय ओमलाल ब्रह्मचारी, सहायक प्रबंधक आइटी विजय भामरे, कार्मिक एवं प्रशासन विभाग की निधि सिंह ठाकुर ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर अपने विचार रखे। अजय गोयल ने कार्यालयों से अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि सौरभ देब ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हमें इस पर गर्व है कि हम भारतवासी हैं। उन्होंने हिंदी पत्राचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए सभी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कार्यालयीन कार्य अधिक से अधिक हिंदी भाषा में ही करना चाहिए। कार्यक्रम में एसबीआई शाखा प्रबंधक विजय यादव, बीओआइ शाखा प्रबंधक गौरव जैन, दूरभाष केंद्र के ओमप्रकाश बिरोठिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 01-11-2023

# सरकारी कार्यालयों में छह महीने तक हिंदी में हुए कामकाज की समीक्षा की

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

भारत सरकार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देश पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नेपानगर की वर्ष 2023-24 की प्रथम छह माही बैठक हुई। नेपा सभागार में बैठक नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देब के निर्देशन, निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाईक के मार्गदर्शन और महाप्रबंधक प्रचालन अजय गोयल की अध्यक्षता में रखी गई।

बैठक का संचालन करते हुए उमाशंकर द्विवेदी ने नगर राजभाषा के सदस्य कार्यालयों से प्राप्त हिंदी की छह माही रिपोर्ट की समीक्षा प्रस्तुत की। स्टेशन प्रबंधक आशाराम नागवंशी, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य ओमलाल ब्रह्मचारी, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे और ऑफिस असिस्टेंट कार्मिक व प्रशासन विभाग निधि सिंह ठाकुर ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर विचार व्यक्त किए। महाप्रबंधक प्रचालन अजय गोयल ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में सदस्य कार्यालयों से अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने का आह्वान किया।

## हिंदी भाषा के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं

मुख्य अतिथि सौरभ देब ने कहा हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। हम सभी इसके विकास में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा इस छह माही में किए गए हिंदी पत्राचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा हम सभी को कार्यालयीन कार्य अधिक से अधिक हिंदी भाषा में ही करना चाहिए। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक विजय यादव, बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक गौरव जैन, दूरभाष केंद्र नेपानगर के ओमप्रकाश बिरोठिया, नेपा लिमिटेड के ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन डॉ. एके झंझडीवाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी किशोर महाजन, प्रबंधक विद्युत प्रशांत कुमार बैधालु, प्रबंधक विपणन कुमार देशमुख, प्रबंधक पेपर मशीन एस. दास, उप प्रबंधक संपदा मनोज कुमार जवादे, उप प्रबंधक स्टोर्स देवेंद्र महोबे, सहायक प्रबंधक डीआईपी दीपक सिंह ठाकुर, सहायक अधिकारी विधि उदेश नकुल मौजूद थे। आभार वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े ने माना।